www.kautilyaacademy.com

/Kautilyaacademy

# कौटिल्य एकेडमी

IAS, IPS, MPPSC

अंतरर्राष्ट्रीय

राष्ट्रीय

विज्ञान

अध्ययन

पर्यावरण

राजव्यवस्था

योजना/ नीति

कला-संस्कृति

अर्थव्यवस्था

सामाजिक मुद्दे



## डेली करेंट अफ़ेयर्स


13 अप्रैल 2024

# वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स -2024

- हाल ही में दुनियाभर के साइबर अपराध विशेषज्ञों ने सर्वेक्षण किया , जिसकी रिपोर्ट जारी की गई|
- इस सूचकांक को **ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय** और **UNSW कैनबरा** ने संयुक्त साझेदारी में विकसित किया है |
- सर्वेक्षण के मुताबिक, साइबर अपराध के मामले में भारत 10वें स्थान पर है, जिसमें अग्रिम शुल्क भुगतान करने के लिए धोखाधड़ी सबसे आम है|
- **'विश्व साइबर अपराध सूचकांक'** जो **लगभग 100 देशों** को रैंक करता है और रैंसमवेयर, क्रेडिट कार्ड चोरी और घोटाले सहित साइबर अपराध की कई श्रेणियों के मुताबिक प्रमुख हॉटस्पॉट की पहचान करता है |
- इस सूची में रूस शीर्ष पर है और उसके बाद **यूक्रेन, चीन, अमेरिका, नाइजीरिया** और **रोमानिया** हैं|
- शोध के मुताबिक, **उत्तर कोरिया सातवें स्थान**, जबकि **यूके और ब्राजील क्रमशः आठवें** और **नौवें स्थान** पर थे|

## शोधकर्ताओं की प्रमुख श्रेणियों ;-

- **शोधकर्ताओं ने जिन प्रमुख श्रेणियों की पहचान की वे हैं -** तकनीकी उत्पाद और सेवाएं जैसे मेलवेयर और कॉम्प्रोमाइज़िंग सिस्टम, रैंसमवेयर समते हमले और जबरन वसूली , हैकिंग, ज्वाइंट अकाउंट और क्रेडिट कार्ड सहित डेटा और पहचान की चोरी; अग्रिम शुल्क धोखाधड़ी जैसे घोटाले; और नाजायज आभासी मुद्रा से नकदी निकालना या मनी लॉन्ड्रिंग करना है|




## भारत में साइबर अपराधों के संबंध में सरकार के प्रयास;-

- भारत में 'सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम, 2000' पारित किया गया जिसके प्रावधानों के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता के प्रावधान सम्मिलित रूप से साइबर अपराधों से निपटने के लिये पर्याप्त हैं|
- **सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 की धाराएँ 43 , 43ए, 66, 66बी, 66सी, 66डी, 66ई, 66एफ, 67, 67ए, 67बी, 70, 72, 72ए** और **74 हैकिंग** और **साइबर अपराधों** से संबंधित हैं|

- सरकार द्वारा **'राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा नीति, 2013'** जारी की गई जिसके तहत सरकार ने अति-संवेदनशील सूचनाओं के संरक्षण के लिये 'राष्ट्रीय अतिसंवेदनशील सूचना अवसंरचना संरक्षण केंद्र (NCIIPC) का गठन किया।
- इसके अंतर्गत **2 वर्ष से लेकर उम्रकैद** तथा **दंड अथवा जुर्माने** का भी प्रावधान है।
- सरकार द्वारा **'कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (CERT-In)'** की स्थापना की गई जो कंप्यूटर सुरक्षा के लिये राष्ट्रीय स्तर की मॉडल एजेंसी है।
- देश में साइबर अपराधों से समन्वित और प्रभावी तरीके से निपटने के लिए 'साइबर स्वच्छता केंद्र' भी स्थापित किया गया है। यह **इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (MeitY)** के तहत **भारत सरकार की डिजिटल इंडिया मुहिम** का एक हिस्सा है।
- अंतर-एजेंसी समन्वय के लिये **'भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र'** (Indian Cyber Crime Co-ordination Centre-I4C) की स्थापना की गई है।



# संयुक्त सैन्य अभ्यास "DUSTLIK"

- भारत और उज्बेकिस्तान के बीच 'डस्टलिक' संयुक्त सैन्य अभ्यास का पांचवां संस्करण 15 अप्रैल से उज्बेकिस्तान के टर्मेज़ जिले में शुरू होने वाला है।



India, Uzbekistan 4th Joint Military Exercise 'Dustlik'

- भारत और उज्बेकिस्तान के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास डस्टलिक का 5वां संस्करण है।
- यह अभ्यास दिनांक 15 से 28 अप्रैल 2024 तक टर्मेज़ जिले के उज्बेकिस्तान में आयोजित किया जाएगा।
- इस अभ्यास का उद्देश्य दोनों सेनाओं के बीच सकारात्मक संबंधों को बढ़ावा देना है।
- भारतीय सेना की टुकड़ी में गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट बटालियन के सैनिक शामिल हैं।
- 14 दिवसीय अभ्यास के दौरान, भारतीय सशस्त्र बलों और उज्बेकिस्तान के सशस्त्र बलों के सैनिक व्यापक संयुक्त प्रशिक्षण सत्र से गुजरेंगे।
- भारतीय सेना और उज्बेकिस्तान सेना के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास का चौथा संस्करण पिछले वर्ष 20 फरवरी को उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में आयोजित किया गया था।
- अभ्यास का पहला संस्करण नवंबर 2019 में उज्बेकिस्तान में हुआ था।

| अन्य देशों के साथ भारत के सैन्य अभ्यास | |
|---|---|
| अभ्यास का नाम | देश |
| गरुड़ शक्ति | इंडोनेशिया |
| एकुवेरियन | मालदीव |
| हैंड-इन-हैंड | चीन |
| बोल्ड कुरुक्षेत्र | सिंगापुर |
| मित्र शक्ति | श्रीलंका |
| नोमेडिक एलीफैंट | मंगोलिया |
| शक्ति | फ्रांस |
| सूर्य किरण | नेपाल |
| युद्ध अभ्यास | संयुक्त राज्य अमेरिका |

# मर्सनरी स्पाइवेयर

- एप्पल (Apple) ने भारत और 91 देशों में उपयोगकर्ताओं को रिमोट एक्सेस के लिए iPhones को लक्षित करते हुए 'मर्सनरी स्पाइवेयर' हमले की चेतावनी दी है|
- एप्पल ने अपनी अधिसूचना में कहा है कि iPhone पर एनएसओ ग्रुप के पेगासस जैसे स्पायवेयर अटैक का खतरा जताया है जिसमे आईफोन यूजर्स को टारगेट किया जा रहा है|

## मर्सनरी स्पाइवेयर:-

- मर्सनरी स्पाइवेयर यूजर की जानकारी या सहमति के बिना स्मार्टफोन और अन्य उपकरणों में दूर से घुसपैठ कर सकता है और अनधिकृत रूप से डेटा तक पहुंच प्राप्त कर लेता है |
- मर्सनरी स्पाइवेयर विशिष्ट व्यक्तियों को लक्षित करता है|
- इसका उपयोग व्यक्तियों की गतिविधियों व संचार की निगरानी करने और निजी डेटा चुराने के लिए किया जा सकता है|
- पेगासस, फिनस्पाई, गैलीलियो आदि मर्सनरी स्पाइवेयर के उदाहरण हैं|


## स्पाइवेयर:-

- यह दुर्भावनापूर्ण सॉफ्टवेयर या मैलवेयर है|
- इसे एंड यूजर की जानकारी के बिना कंप्यूटिंग डिवाइस पर इंस्टॉल किया जाता है |
- यहां यह संवेदनशील जानकारी की निगरानी करता है या उसे चुरा लेता है |



# सर्वाइकल कैंसर :

- सर्वाइकल कैंसर की जांच अब देसी किट से संभव होगी।
- एम्स सहित तीन अन्य सेंटरों पर देश में बनी इस किट का ट्रायल शुरू कर दिया गया है।
- एम्स के डायरेक्टर डॉ. एम श्रीनिवास, कैंसर सेंटर की चीफ डॉ. सुषमा भटनागर, डॉ. नीरजा भाटला की उपस्थिति में जांच किट का ट्रायल रन शुरू किया गया।
- इस किट की सफलता देश में सर्वाइकल कैंसर की जांच में मददगार साबित होगी। अभी महंगी किट की वजह से जांच प्रभावित होती है। इसलिए सस्ती दर पर देसी किट लाने की तैयारी है।
- भारत सरकार ने 2030 तक सर्विकल कैंसर पर पूरी तरह से नियंत्रित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।




- दुनिया भर में सर्विकल कैंसर महिलाओं में होने वाला चौथा सबसे आम कैंसर है। भारत में स्तन कैंसर के बाद यह महिलाओं में दूसरा सबसे आम कैंसर है।
- भारत में प्रति वर्ष लगभग 127,526 नए मामले सामने आते हैं और 79,906 मौतें होती है।
- 2030 तक 70 फीसद महिलाओं की जांच और 90 फीसद लड़कियों का टीकाकरण करने का लक्ष्य हैं।
- दुनिया भर में हर दो मिनट में एक महिला की सर्विकल कैंसर से मौत हो जाती है।
- ग्लोबोकैन 2022 के अनुसार, दुनिया भर में अनुमानित 663,301 महिलाओं में सर्विकल कैंसर का पता चला और इनमें से लगभग 348,874 महिलाओं की इस बीमारी से मृत्यु हो गई।

## सर्वाइकल कैंसर क्या है?

- किसी भी कैंसर में आपके शरीर की कोशिकाएं असामान्य और अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती है। कैंसर को हमेशा शरीर के उस अंग के नाम से जाना जाता है, जहां कैंसर शुरू होता है। इसिलिए, जब कैंसर आपके गर्भाशय ग्रीवा में शुरू होता है, तो उसे गर्भाशय ग्रीवा कैंसर या सर्वाइकल कैंसर कहा जाता है। इस कैंसर को बच्चेदानी के मुंह का कैंसर भी कहा जाता है।
- सर्वाइकल कैंसर गर्भाशय (यूट्स) के सबसे नीचे के भाग का घातक ट्यूमर होता है, जो गर्भाशय के निचले भाग से शुरू होता है और उपरी वेजाइना तक जुड़ता है, जिसे गर्भाशय ग्रीवा कहते हैं। ज्यादातर सर्वाइकल कैंसर ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (HPV) के संक्रमण के कारण होता है।

# डेली करंट अफेयर्स (MCQ)

1. हाल ही में जारी वैश्विक साइबर अपराध सूचकांक में कौन शीर्ष पर रहा है ?

(A) रूस (B) यूक्रेन
(C) चीन (D) अमेरिका

Ans:-रूस

2. हाल ही मे जारी वर्ल्ड साइबर क्राइम इंडेक्स 2024 में भारत की रैंक क्या है?

(A) छठी (B) आठवीं
(C) 10वीं (D) 11वीं

Ans;-10वीं

3. हाल ही में किसने 'जॉन डर्क्स गेर्डनर वैश्विक स्वास्थ्य पुरस्कार' जीता है?

(A) डॉ. गगनदीप कांग (B) श्रीनिवास पल्लिया
(C) डॉ. सुमित जैन (D) डॉक्टर एलके भार्गव

Ans;-डॉ गगनदीप कांग

4. हाल ही में भारत और किस देश के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास DUSTLIK शुरु हो रहा है?

(A) कजाकिस्तान (B) उज्बेकिस्तान
(C) ताजिकिस्तान (D) रूस

Ans;-उज्बेकिस्तान

5. हाल ही में मानव अंतरिक्ष उड़ान का अंतर्राष्ट्रीय दिवस कब मनाया गया है ?

(A) 10 अप्रैल (B) 11 अप्रैल
(C) 12 अप्रैल (D) 13 अप्रैल

Ans;-12 अप्रैल

6. 20वीं एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप 2024 का आयोजन किस देश में किया जा रहा है ?

(A) किर्गिस्तान (B) कजाकिस्तान
(C) उज्बेकिस्तान (D) ताजिकिस्तान

Ans;-किर्गिस्तान

7. भारत में ब्रिटेन की पहली महिला उच्चायुक्त कौन बनी है?

(A) मैनुएल रोका बोटे (B) डीना बोलुआर्ट
(C) लिंडी कैमरून (D) सेलेस्टे सैलो

Ans;-लिंडी कैमरून